SE – 058

II Semester B.B.A./B.H.M. Examination, September 2020
(CBCS) (Repeaters) (2016 – 17 and Onwards) (Semester Scheme)
Paper – II : LANGUAGE HINDI
Kavya, Vanijya Patra Aur Anuvad

Time : 3 Hours   Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए। **(10×1=10)**

1) जहाँ प्यास बुझे वह उसके लिए क्या है ?

2) तुलसीदास के अनुसार किसके बिना दु:खों को दूर नहीं किया जा सकता ?

3) सिद्धार्थ के लिए खीर कौन लाती है ?

4) कवि रामनरेश त्रिपाठी के अनुसार व्यर्थ में हमें क्या नहीं गँवाना चाहिए ?

5) जीवन में कुछ पर्वतारोही किंसे छूना चाहते हैं ?

6) प्रकृति का स्पर्श पाकर कौन अमर हो जाती है ?

7) 'हिमाद्रि' कविता के कवि का नाम लिखिए।

8) कौन निरंतर जागृत रहकर देश की रखवाली कर रहा है ?

9) वीरों को कौन-सी चीज़ बहुत प्यारी लगती है ?

10) युद्ध के नगाड़े बजने पर वीरों की स्थिति कैसी होती है ?

II. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए। **(2×6=12)**

अ) 1) पतवारी माला पकरि, और न कछू उपाउ।
तरि संसार-पयोधि कौं, हरि-नावैं करि नाऊ।।

अथवा

2) जहँ जमजातना, घोर नदी, भट कोटि जलच्चर दंत टेवैया।
जहाँ धार भयंकर, वार न पार, न बोहितु नाव, न नीक खेवैया।।
तुलसी जहँ मातु-पिता न सखा, नहिं कोउ कहूँ अवलंब देवैया।
तहाँ बिनु कारन रामु कृपाल बिसाल भुजा गहि काढ़ि लेवैया।।

P.T.O.

आ) 1) जनता के विश्वास कर्म मन ध्यानश्रवण भाषण में।
वास करो, आदर्श बनो, विजयी हो जीवन- रण में ।
अति अशांत दुखपूर्ण विशृंखला क्रांति-उपासक जग में ।
रखना अपनी आत्म-शक्ति पर दृढ़ निश्चय प्रतिपग में ।।

अथवा

2) विश्व यह एक युद्ध-भूमि है,
और हर आदमी एक योद्धा ।
जन्म से मृत्युपर्यंत
लड़ता ही रहता है आदमी
असत्य से, अनीति से, अधर्म से,
अहं से, अनास्था, अकर्म से ।

III. किसी **एक** कविता का सारांश विशेषताओं सहित लिखिए । **(1×12=12)**

1) बिजलियाँ गिरने नहीं देंगे।
2) उनको प्रणाम ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए । **(1×6=6)**

1) हिमाद्रि ।
2) नर्तन ।

V. निम्नलिखित में से कोई **दो** पत्र लिखिए । **(2×10=20)**

1) खराब पैकिंग की शिकायत करते हुए विष्णु ग्लास हाउस, सुभाष मार्ग, मैसूर की ओर से रतन ग्लास कंपनी लिमिटेड, बेंगलुरु को एक पत्र लिखिए ।
2) मोहन लाल एण्ड कं. को आपने सात लाख रूपये का चेक केनरा बैंक, जेसी रोड़ शाखा के नाम दिया था, यह चेक खो गया है । इसके भुगतान को रोकने के लिए एक पत्र लिखिए।
3) 'रेमंड' के ऊनी वस्त्रों की एजेंसी माँगते हुए शुभम् वस्त्र भंडार, दिल्ली की ओर से एक पत्र लिखिए ।

VI. निम्नलिखित वैज्ञानिक शब्दावली का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए । (10×1=10)

1) Panel
2) Pay scale
3) Qualification
4) Ratio
5) Recognition
6) Sales tax
7) Secular
8) Seniority
9) Technical training
10) Underdeveloped.